LEAGUE OF WOMEN VOTERS® OF NEW JERSEY

# सामान्य चुनाव 2026 मध्यावधि: अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
# चुनाव का दिन नवंबर 3, 2026 है

## महत्वपूर्ण तिथियाँ और समय सीमाएँ:

**मतदाता पंजीकरण की समय सीमा** (डाक या ऑनलाइन द्वारा):
- अक्टूबर 13, 2026: इस तिथि तक फॉर्म पर डाकघर की मुहर लगी होनी चाहिए।

**डाक-द्वारा-मतदान के आवेदन की समय सीमा** (डाक या ऑनलाइन द्वारा):
- अक्टूबर 27, 2026: इस तिथि तक काउंटी क्लर्क द्वारा फॉर्म प्राप्त कर लिया जाना चाहिए।

**व्यक्तिगत रूप से प्रारंभिक मतदान की अवधि:**
- अक्टूबर 24 –नवंबर 1, 2026
- मतदान केंद्र सप्ताह के दिनों और शनिवार को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक तथा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे।

**डाक-द्वारा-मतदान आवेदन की समय सीमा** (व्यक्तिगत रूप से):
- नवंबर 2, 2026: आवेदन आपके काउंटी क्लर्क के कार्यालय में दोपहर 3 बजे तक जमा हो जाने चाहिए ।

**आम चुनाव की तिथि**:
- नवंबर 3, 2026: मतदान केंद्र सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

## क्या मैं मतदान करने के लिए पात्र हूँ?
न्यू जर्सी (NJ) में मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए, आपका: संयुक्त राज्य अमेरिका का नागरिक होना; कम से कम 17 वर्ष का होना (और यह समझना कि आप 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले आम चुनाव में मतदान नहीं कर सकते); चुनाव से पहले कम से कम 30 दिनों से काउंटी का निवासी होना; तथा किसी गंभीर अपराध के कारण वर्तमान में कारावास की सजा न काट रहे होना आवश्यक है। यदि आप पैरोल या प्रोबेशन पर हैं, तो आप मतदान के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। नवंबर में होने वाले आम चुनाव के लिए मतदाता पंजीकरण की अंतिम तिथि अक्टूबर 13, 2026 है।

## क्या मैं मतदाता के रूप में पंजीकृत हूँ?
यदि आप अनिश्चित हैं कि आपका पंजीकरण अपडेट हुआ है या नहीं, अथवा यदि आपको नाम परिवर्तन, स्थान परिवर्तन, या कारावास की सजा पूरी होने के बाद फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता है, तो इस पृष्ठ पर दिए गए QR कोड को स्कैन करें या lwvnj.org/vote पर जाएँ।

## lwvnj.org/vote पर ससाधन उपलब्ध हैं
- मतदान के लिए पंजीकरण करें या मतदाता स्थिति की जांच करें
- डाक द्वारा मतदान के लिए आवेदन और जानकारी
- न्यू जर्सी राज्य मतदाता सूचना पोर्टल का लिंक
- Vote411 पर उम्मीदवारों की जानकारी

## मेरे पास मतदान के क्या विकल्प हैं?
**वोट देने के 3 तरीके** हैं:
1. **व्यक्तिगत रूप से अग्रिम मतदान:** मतदान मशीन का उपयोग करके अपने काउंटी के अग्रिम मतदान केंद्र पर अक्टूबर 24 – नवंबर 1, 2026 के दौरान मतदान करें ।
2. **डाक द्वारा मतदान:** अपने मतपत्र को डाक द्वारा मतदान अनुभाग में बताए गए तीन तरीकों में से किसी एक के माध्यम से जमा करें।
3. **चुनाव के दिन व्यक्तिगत रूप में:** मतदान केंद्र नवंबर 3, 2026 को सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

## व्यक्तिगत रूप से अग्रिम मतदान क्या है?
न्यू जर्सी के मतदाता निर्धारित अग्रिम मतदान केंद्रों पर वोटिंग मशीन का उपयोग करके समय से पहले मतदान कर सकते हैं। अग्रिम मतदान के दौरान मतदान केंद्र सप्ताह के दिनों और शनिवार को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक तथा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहते हैं। अग्रिम मतदान केंद्रों की जानकारी के लिए अपने काउंटी से संपर्क करें या lwvnj.org/vote पर जाएँ।

## मेरा मतदान केंद्र कहाँ है?
आप अपने काउंटी के किसी अग्रिम मतदान केंद्र पर जाकर पहले ही मतदान कर सकते हैं, या चुनाव के दिन अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकते हैं। अपने मतदान केंद्र की जानकारी Vote411.org या lwvnj.org/vote पर प्राप्त करें।

## मैं डाक-द्वारा-मतदान कैसे कर सकता/सकती हूँ?
न्यू जर्सी में, कोई भी पात्र पंजीकृत मतदाता आवेदन करने के बाद डाक-द्वारा-मतदान कर सकता है। डाक द्वारा मतदान के लिए अपना मतपत्र डाक से प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करें या आवेदन-पत्र डाक से भेजें, आपका आवेदन अक्टूबर 27, 2026 तक आपके काउंटी क्लर्क को प्राप्त हो जाना चाहिए। मतदाता नवंबर 2, 2026 को दोपहर 3 बजे तक अपने काउंटी क्लर्क के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी आवेदन कर सकते हैं।

## मैं अपना डाक द्वारा मतदान का मतपत्र कैसे जमा करूँ?

अपने मतपत्र को इन तीन तरीकों में से किसी एक के माध्यम से वापस करें:

- चुनाव के दिन मतदान समाप्त होने से पहले अपनी काउंटी के किसी सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में अपना मतपत्र डालें।
- चुनाव के दिन मतदान समाप्त होने से पहले अपना मतपत्र स्वयं अपने काउंटी के चुनाव बोर्ड में जमा करें।
- *डाक से मतपत्र भेजना – हाल ही में हुआ बदलाव*
  डाक द्वारा मतदान के मतपत्र पर चुनाव के दिन तक की **डाक मुहर** लगी होनी चाहिए। एक हालिया बदलाव के कारण, USPS अब डाक को तब पोस्टमार्क मानता है जब उसे डाकघर द्वारा *संसाधित* किया जाता है, न कि तब जब वह डाक घर को प्राप्त होता है। **इस बदलाव को देखते हुए, यह अनुशंसा की जाती है कि आप अपना पूर्ण मतपत्र ऊपर बताई गई पहली दो विधियों में से किसी एक का उपयोग करके ही वापस करें।** यदि आप अपना मतपत्र डाक से भेजने की योजना बना रहे हैं, तो उसे चुनाव दिवस से कुछ दिन पहले डाक से भेज दें।

## मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा डाक द्वारा मतदान का मतपत्र प्राप्त हुआ और उसकी गिनती हुई?

अपने डाक द्वारा मतदान के मतपत्र की स्थिति जानने के लिए Vote.NJ.Gov पर जाएँ, “Track My Ballot” चुनें और अपने My Voter Record खाते में लॉग इन करें। यदि आपके पास पहले से खाता नहीं है, तो आप अपनी वोटर आईडी खोजने के निर्देशों का पालन करके एक खाता बना सकते हैं।

## यदि मेरा डाक द्वारा मतदान का मतपत्र अस्थायी रूप से अस्वीकार हो जाए, तो क्या होगा?

मतपत्र कई कारणों से खारिज किए जा सकते हैं। यदि आपके मतपत्र को किसी ऐसी त्रुटि के कारण अस्वीकार कर दिया जाता है जिसे सुधारा जा सकता है, तो आपको अपने काउंटी चुनाव बोर्ड से एक "Cure Letter" प्राप्त होगा जिसमें एक सुधार प्रपत्र शामिल होगा। इस फॉर्म को भरकर, आप यह घोषित करेंगे कि यह आपका मतपत्र था और जानकारी प्रदान करके अपनी पहचान सत्यापित करेंगे। आप इस फॉर्म को अपने काउंटी चुनाव बोर्ड के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं, या इसे डाक, ईमेल या फैक्स द्वारा वापस भेज सकते हैं। फ़ॉर्म मिलते ही उसे तुरंत भर दें। आपके मतपत्र सुधार फ़ॉर्म को काउंटी चुनाव बोर्ड द्वारा प्राप्त करने की अंतिम समय-सीमा चुनाव परिणामों के प्रमाणन से 48 घंटे पहले तक है।

## मैं उम्मीदवारों के बारे में कैसे जान सकता/सकती हूँ?

उम्मीदवार फोरम ऐसे महत्वपूर्ण मंच हैं जो मतदाताओं को उम्मीदवारों और प्रमुख मुद्दों पर उनके रुख के बारे में अधिक जानने में मदद करते हैं। उम्मीदवार स्थानीय समाचार माध्यमों, सोशल मीडिया, स्थानीय सामुदायिक बैठकों और चुनाव प्रचार सामग्री के माध्यम से भी अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। आप Vote411.org पर जाकर संघीय, राज्य और स्थानीय पदों के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मैं मतदानकर्मी कैसे बन सकता/सकती हूँ?

प्रत्येक चुनाव में मतदानकर्मी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। न्यू जर्सी में अग्रिम मतदान और चुनाव दिवस पर प्रत्यक्ष मतदान कराने के लिए लोगों की आवश्यकता है। यह एक सवेतन पद है और इसके लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। PollWorker.NJ.Gov पर आवेदन करें।

## इस चुनाव में किसके लिए/किस चीज़ के लिए मतदान हो रहा है?

मध्यावधि चुनाव संघीय आम चुनाव होते हैं जो राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के मध्य में होते हैं। मध्यावधि चुनाव वर्ष के दौरान, मतदाता अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सभी 435 सदस्यों का चुनाव करते हैं, जिनका कार्यकाल दो वर्ष का होता है, और अमेरिकी सीनेट के लगभग एक तिहाई सदस्यों का चुनाव करते हैं, जिनका कार्यकाल छह वर्ष का होता है और जो चरणबद्ध तरीके से होता है। कई अन्य राज्यों के विपरीत, न्यू जर्सी में राज्यपाल के चुनाव विषम वर्षों में होते हैं, इसलिए राज्य के राज्यपाल और विधानमंडल के चुनाव, संघीय मध्यावधि चुनावों से अलग चुनाव चक्र में आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, नगरपालिका, काउंटी और स्कूल बोर्ड जैसे विभिन्न स्थानीय कार्यालयों के चुनाव और बैलेट से जुड़े प्रस्तावों पर मतदान भी हो सकते हैं। आपके क्षेत्र के मतपत्र में विशेष रूप से क्या है, यह जानने के लिए Vote411.org देखें ।

## मतदाता होना क्यों महत्वपूर्ण है?

कांग्रेस न्यू जर्सी को आवंटित संघीय निधि को नियंत्रित करती है, जो स्थानीय बुनियादी ढांचे और स्कूल निधि जैसी चीजों को सीधे प्रभावित करती है। कांग्रेस ऐसे कानून बनाती है जो आपके दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति की पुष्टि करती है और ऐसी कर व्यवस्था तय करती है जिसका असर आपकी आय पर पड़ता है। आपका व्यक्तिगत वोट वास्तव में मायने रखता है। जब आप वोट देते हैं, तो आप मतदान में भागीदारी बढ़ाने में मदद करते हैं। जब अधिक लोग मतदान करते हैं, तो इसका मतलब है कि महत्वपूर्ण फैसले केवल कुछ ही लोगों के हाथों में नहीं रह जाते। मतदाता होने का अर्थ है अपनी आवाज़ उठाना और उन उम्मीदवारों को चुनना, जो आपके लिए महत्वपूर्ण मुद्दों का सबसे बेहतर प्रतिनिधित्व करेंगे।

## अन्य प्रश्न?

League of Women Voters of New Jersey को contact@lwvnj.org पर ईमेल करें।

LWV LEAGUE OF WOMEN VOTERS® OF NEW JERSEY

*यह परियोजना न्यू जर्सी स्टेट बार फाउंडेशन के सह-प्रायोजन से संचालित है और न्यू जर्सी बार के IOLTA फंड से प्राप्त वित्तीय सहायता के माध्यम से संभव हो सकी है। फाउंडेशन की कानून से संबंधित अन्य गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, njsbf.org पर जाएं।*